# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
विनोवापुरी (लोलेपुर), निकट वर्मा उपवन, जनपद–सुल्तानपुर
Email ID- exenjn_rsultanpur@yahoo.com

पत्रांक : 438 / W-19 / 98 दिनांक : 17/07/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषय :–दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर **"फूलपुर में जल जीवन मिशन 3 साल बाद भी अधूरा : 2.59 करोड़ की योजना से 470 घरों को नहीं मिला शुद्ध पानी "** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि **विकासखण्ड–कूरेभार में फूलपुर पाइप पेयजल योजना** का निर्माण कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित कार्य नलकूप–01 नग, पम्पहाउस–01 नग, बाउन्ड्रीवाल–01 नग, उच्च जलाशय (125 किली0 / 16 मी0)–01 नग, पाइप लाइन–12.90 किमी0, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–470 नग, सोलर–01 नग हैं। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप–01 पूर्ण, पम्पहाउस–01 नग पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल–01 नग पूर्ण, वितरण प्रणाली–12.10 किमी0 पूर्ण, एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन–240 नग पूर्ण, उच्च जलाशय–01 नग जिंक एलम टैंक अधिष्ठापित (80%) पूर्ण है। योजना के अवशेष पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन एवं उच्च जलाशय का कार्य प्रगति पर है। योजना की कार्य लागत रू0 259.66 लाख के सापेक्ष कार्यदायी फर्म को रू0 138.23 लाख भुगतान किया गया है।

कार्यदायी फर्म अपने पत्रांक VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027 दिनांक 17.07.2026(संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना के समस्त कार्यो को दिनांक 20 नवम्बर, 2026 तक पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

अतः उक्त प्रकरण निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(विकार हुसैन)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
4. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अयोध्या।
7. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता / श्री पी0के0 छाबड़ा, जूनियर इंजीनियर।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा।


**अधिशासी अभियन्ता**

# विकासखण्ड–कूरेभार में फूलपुर पाइप पेयजल योजना के कार्यस्थल का फोटोग्राफ









**Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV**
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida -201301, India
Phone: +91-120-4950200 | Fax: +91-120-4950222 | Email: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4

**Letter No: VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027** **Date: 17.07.2026**

**To,**
**Executive Engineer (Civil)**
**U.P Jal Nigam (Rural)**
**Sultanpur, Uttar Pradesh**

**Reference: Survey, Design, Preparation of DPR, Construction, Commissioning and O&M for 10 Years of Various Rural Water Supply Projects in the State of Uttar Pradesh as per Request for Proposal for Phase-3 Division- Ayodhya(Sultanpur).**

**Subject:- Submission of Completion Plan of Phoolpur(Kurebhar)**

**Dear Sir,**
**Submission of Completion Plan of Phoolpur (Kurebhar) We are hereby submitting to you updated progress and Completion plan of Phoolpur(Kurebhar) Total Estimated Cost Rs. 259.66 lakh and Net Payment Received Rs. 138.23 lakh.**

| S.NO | COMPONENTS | SCOPE | COMPLETED | BALANCE | TARGET DAY OF COMPLETION |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell (Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 2 | OP & Compressor(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 3 | Pump House(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 4 | BW(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 5 | Distribution(Kms) | 12.9 | 12.1 | 0.8 | 2KM PIPELINE AFFECTED DUE RAILWAY OVERBRIDGE CONSTUCTION. |
| 6 | FHTC(Nos) | 470 | 240 | 230 | 25 OCT.26 |
| 7 | Solar(Kw) | 1 | 1 | | |
| 8 | Regular Water Supply | 470 | 0 | | 20 NOV. 26 |
| 8 | OHT( 125 KL 16M Staging)-Job | 1 | 0.8 | 0.2 | 14-AUG.26 |

Thanking you and assuring you of our best services at all the times.

Your Sincerely,

For **Vindhya Telelinks Ltd. - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV**
(Authorized signatory)

# फूलपुर में जल जीवन मिशन 3 साल बाद भी अधूरा: 2.59 करोड़ की योजना से 470 घरों को नहीं मिला शुद्ध पानी

धर्मराज दुबे | कूरेभार, सुलतानपुर
6 घंटे पहले

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →



जल जीवन मिशन 3 साल बाद भी अधूरा।

कूरेभार विकास खंड के फूलपुर गांव में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना की प्रगति बेहद धीमी है। लगभग तीन वर्ष पूर्व शुरू हुई इस परियोजना का उद्देश्य गांव के 470 घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना था, लेकिन अब तक ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। इस परियोजना की लागत 259.66 लाख रुपये है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदाई संस्था की लापरवाही के कारण निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। गांव में पानी की टंकी का निर्माण कार्य अभी तक अधूरा है, और कई स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने का काम भी पूरा नहीं हो सका है। इससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है।

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
क्रिकेट
भास्कर खास
DB ओरिजिनल
स्पोर्ट्स
बॉलीवुड
जॉब - एजुकेशन
बिजनेस
लाइफस्टाइल
जीवन मंत्र
वुमन

वीडियो
और देखें
फीडबैक दें

कहा कि गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को शुद्ध पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए कार्य को जल्द पूरा किया जाना चाहिए।

ओम नारायण पांडेय ने भी कार्य की सुस्ती पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की अच्छी योजना का लाभ ग्रामीणों तक समय पर नहीं पहुंच पा रहा है। विजय पांडेय ने जोर दिया कि यह परियोजना जनहित से जुड़ी है, अतः विभाग और कार्यदाई संस्था को इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना चाहिए।

ग्रामीण बिजय पांडये ने बताया कि यदि योजना के तहत गांव में पानी मिलने लगे तो लोगों को हैंडपंप और अन्य अस्थायी साधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे काफी सहूलियत होगी।

इस मामले में ग्राम प्रधान राम चरन ने जानकारी दी कि गांव में कार्य की धीमी प्रगति को लेकर संबंधित विभाग से कई बार शिकायत की गई है और कार्य में तेजी लाने की मांग की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभाग जल्द ही इस ओर गंभीरता दिखाएगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि योजना को शीघ्र पूरा कर गांववासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए, ताकि जल जीवन मिशन का वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंच सके।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us


## खबरें और भी हैं...

**सुल्तानपुर में युवती से घर में घुसकर मारपीट:** बचाने पहुंचे शिक्षक पिता का सिर फोड़ा, 11 नामजद पर केस




सुलतानपुर ›

**सावन और कांवड़ यात्रा के लिए सुल्तानपुर पुलिस अलर्ट:** सुलतानपुर में 400 नए जवान तैनात, मंदिरों-घाटों पर बढ़ाई जाएगी सुरक्षा





सुलतानपुर ›

**सुल्तानपुर में निकली पहली जगन्नाथ रथ यात्रा:** गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते निकले श्रद्धालु, प्रशासन ने डीजे पर लगाई रोक




सुलतानपुर ›

**कूड़ेभार में पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक:** ग्रामीण निकायों में पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व और आरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा




कूरेभार(सुल्तानपुर) ›

मेष | Aries

पॉजिटिव- कहीं पैसा रुका हुआ है, तो आज उसके वापस मिलने की संभावना है। काम का दबाव ज्यादा रहेगा, लेकिन आप अपनी जिम्मेदारियां अच्छी तरह पूरी कर लेंगे। किसी करीबी रिश्तेदार से चल रहा पुराना विवाद परिवार क...

और पढ़ें

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap | Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy | Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें